

नवभारत
इंदौर, शनिवार, 19 जुलाई, 2025


## एक नजर में

### पवन बिल्लोरे अध्यक्ष और रविंद्र यादव बने अभिभाषक संघ सचिव

**खरगोन।** न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ के चुनाव आयोजित किए गए।298 अभिभाषकों ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लिया। देरशाम घोषित किए गए परिणामों में अभिभाषक पवन रामनाथ बिल्लोरे 94 मतों से विजयी होकर अध्यक्ष चुने गए। इसी तरह रविंद्र यादव 168 मत हासिल कर सचिव चुने गए। अध्यक्ष पद के लिए अभिभाषक हरीश त्रिपाटी ने दावेदारी की थी। जबकि सचिव पद के लिए धीरेन्द्र चौहान ने यादव को टक्कर दी। उपाध्यक्ष पद पर अभिभाषक युवराज गुजराती, कोषाध्यक्ष राहुल जोशी और सह सचिव राहुल जोशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए।कार्यकारिणी में भी 5 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। निर्वाचन अधिकारी अभिभाषक पुरूषोत्तम सोनी और सह-निर्वाचन अधिकारी पंकज जोशी, ब्रजेश यादव ने परिणामों की घोषणा की, जिसके बाद नव निर्वाचित पदाधिकारियों को साथी अभिभाषको ने फुलमालाएं पहनाकर बधाई दी।



### जेल परिसर में किया पौधारोपण



**कसरावद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश अनुसार तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा पौधारोपण अभियान के तहत नगर के उप जेल परिसर में पौधारोपण किया।शुक्रवार को उप जेल परिसर में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति न्यायाधीश श्रीमती मीता पवार जंदेल न्यायाधीश सुश्री इतिशा संघवी, जेलर धर्मवीर सिंह, द्वारा उप जेल परिसर में 50 फलदार एवं छायादार पौधों लगाए। कार्यकम में पैरालीगल वालिंटियर देवदत्त एक्कल, सुधीर सराफ, विजय केवट, जगदीश वर्मा, सरपंच बबलू राठौर, अभिभाषक रूपेश पाटीदार, देवराम पटेल, रवि पटेल, न्यायिक कर्मचारी धनंजय शर्मा, जितेन्द्र वर्मा, प्रकाश चौहान सहित न्यायिक एवं जेल के कर्मचारि उपस्थित थे।

### ढ़ोल-ताशे के साथ कल धूमधाम से निकलेगी चौरासी शिव दर्शन यात्रा

**खरगोन।** श्रावण मास के पुनीत पावन पर्व पर 20 जुलाई रविवार को शहर में चौरासी शिव दर्शन यात्रा ढ़ोल-ताशे के साथ बड़ी धूमधाम से निकलेगी। यात्रा प्रात: 6 बजे कुंदा नदी तट स्थित श्री बडघाटेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होगी और विभिन्न शिव मंदिरों में दर्शन कर रात्रि को भावसार मोहल्ला स्थित श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा। यात्रा के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को भावसार मोहल्ला स्थित भावसार मंगल भवन में भोजन भी कराया जाएगा। यात्रा प्रेरणास्त्रोत पंडित जगदीश ठक्कर ने कहा कि यात्रा में कोई पैदल नही चल सकता है, तो वह अपने-अपने वाहनों से भी यात्रा कर सकता है। समिति मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार लाला ने बताया कि इस वर्ष पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए यात्रा को दौरान शिव मंदिरों में पौधारोपण भी किया जाएगा। इसके लिए समिति एक पृथक से दल भी बनाया गया है। दल में शामिल हर्ष ठक्कर, प्रतीक गुप्ता, राजेश परमार्थी व प्रभात परमार्थी ने बताया कि यात्रा के दौरान जिन स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा, वहां गड्ढे खुदाई का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। समिति अध्यक्ष इंजी. नीतिन मालवीय ने कहां की यह यात्रा का 14वां वर्ष है और जैसे-जैसे यात्रा का वर्ष बढ़ रहा है, वैसे ही यात्रा का स्वरूप भी बढ़ते जा रहा है।



**84 दर्शन यात्रा है एक प्रकार से लंबी यात्रा :** यात्रा प्रभारी दीप जोशी व यात्रा संयोजक दिलीप सोनी ने बताया कि चौरासी शिव दर्शन यात्रा एक लंबी यात्रा है, जो सुबह 6 बजे प्रारंभ होती है और दिनभर चलने के बाद रात्रि में पूरी होती है। महिला प्रभारी निर्मला रघुवंशी व बरखा रघुवंशी ने कहां कि यात्रा में महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल होती है। समिति संरक्षक बबलू पाल व मनोज वर्मा, समिति सचिव लोकेश गोले, उपाध्यक्ष हरिश पाल व किशोर रघुवंशी, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, सह सचिव प्रशांत चौहान व महेंद्र मैना, व्यवस्थापक कैलाश महाजन व राजू भावसार, सदस्य राघवेंद्र आचार्य, मनीष गडकरी, प्रकाश चौरे, महेंद्र जायसवाल, पूजा चौहान, किरण भटोरे, दीपिका भावसार सहित अन्य सदस्यों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से आव्हान किया है कि यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### हरदा की घटना पर करणी सेना ने किया प्रदर्शन

**खरगोन।** हरदा में करणी सेना पर हुए लाठीचार्ज के बाद समूचे राजपूत समाज में आक्रोश व्याप्त है। इसका असर जिला मुख्यालय पर भी देखने को मिला। एक सप्ताह में दूसरी बार समाजजनों ने घटना की निंदा करते हुए मामले की न्यायिक जांच की मांग को लेकर मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।शुक्रवार को करणी सेना के आह्वान पर समाजजन नवग्रह तिराहे पर एकत्रित हुए। यहां दोपहर एक बजे नारेबाजी कर आक्रोश रैली के रुप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्ट्रेट में ज्ञापन लेने आई डिप्टी कलेक्टर पूर्वा मंडलोई से कलेक्टर को बुलाने की मांग करते हुए समाजजनों ने धरना दे दिया। करीब डेढ़ घंटे तक चले धरना प्रदर्शन के दौरान भी कलेक्टर के नही पहुंचने पर नाराज समाजजनों ने बगैर ज्ञापन देकर लौटना ही मुनासिब समझा। करणी सेना परिवार के कुलदीप सिंह, ममता सोलंकी, सबल सिंह, प्रताप सिंह, अर्जुन ठाकुर, कैलाश सिंह सयाता, हेमेंद्र सिंह, भीम सिंह, योगेन्द्र सिंह, अजय सिंह आदि ने बताया कि हरदा में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रख रहे करणी सेनिको एवं छात्रावास में मौजूद महिलाओं, बच्चो पर पुलिस.प्रशासन द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठी चार्ज किया गया है।



# मां को समर्पित होंगे क्लब के सेवा कार्य : नवागत अध्यक्ष चावला

## रोटरी क्लब नवीन कार्यकारिणी ने ली शपथ

नवभारत न्यूज

**खरगोन।सामाजिक संस्था रोटरी क्लब नई कार्यकारिणी गठन का शपथ विधि समारोह राधावल्लभ मार्केट स्थित होटल में आयोजित किया गया। डिस्ट्रिक गवर्नर सुशील मल्होत्रा की उपस्थिति में नवागत अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह चावला ( गोल्डी ) ने शपथ ली। इनके साथ ही सचिव के रूप लवेश राठौर एवं अन्य 18 पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।**





शपथ ग्रहण के दौरान नवागत अध्यक्ष चावला ने कहा की वे क्लब के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके कार्यकाल में होने वाले सेवाकार्य अपनी माताजी स्व. हरविंदर कौर चावला को समर्पित होंगे। उन्होंने कहा कि क्लब से जुड़कर सेवा का अवसर मिला है, क्लब में कई वरिष्ठजन है, जिनके सहयोग से उत्कृष्ट कार्य करते हुए मानवसेवा के नए आयाम स्थापित करने का प्रयास करुंगा।

समारोह के दौरान पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित साहित्यकार जगदीश जोशीला का नागरिक अभिनंदन किया गया। क्लब के भानुदत्त परसाई ने प्रशसा पत्र का वाचन किया। श्री जोशीला ने समारोह में क्लब के कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वच्छता के अलावा बुनियादी सुविधाओं के साथ ही क्लब के रक्तदान और नेत्रदान जैसे कार्य अनुकरणीय और अविस्मरणीय है। संवेदना के साथ जो समवेदना के काम किए जा रहे है वह इस संगठन को ओरों से अलग बनाता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रीक्ट गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि नई कार्यकारिणी में युवा जोश और वरिष्ठों का अनुभव दोनों शामिल है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों एवं सीए को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान असिस्टेंट गवर्नर राहुल गर्ग, स्वपनिल तिवारी, सीए अनिल रघुवंशी, बसंत अग्रवाल, शुभम महाजन, संजय चक्करवार सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य मौजूद रहे।

### जिले में 26 वर्ष से क्लब संचालित हो रहा है

मल्होत्रा ने समारोह में मौजूद वरिष्ठ रोटेरियन नरेंद्र चावला का जिक्र करते हुए कहा कि जिले में 26 वर्ष से क्लब संचालित हो रहा है, यह संयोग है कि 25 वर्ष पहले श्री चावला क्लब से जुड़े थे, आज सिल्वर ज़ुबली पर उनका बेटा अध्यक्ष बना है। श्री मल्होत्रा ने कहा कि डायलिसिस मशीनों की व्यवस्था के साथ ही नेकी की दीवार, महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा देने के लिए क्लब पदाधिकारियों को प्रेरित किया। इसके अलावा क्लब से महिलाओं को भी जोड़ने का प्रयास करें। नवीन पदाधिकारियों, सदस्यों को पिनअप कर सदस्यता दी गई।

## खोखो अंडर 19 बालक वर्ग टीम ने कलस्टर टूर्नामेंट जीत कर नेशनल में किया क्वालीफाई

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र।** सांदीपनी एकेडमी, मण्डलेश्वर की खो-खो अण्डर 19 बालक वर्ग टीम ने मप्र सीबीएसई खो-खो कलस्टर टूर्नामेंट जीतकर नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। सांदीपनी एकेडमी मण्डलेश्वर की खो-खो अण्डर 19 बालक वर्ग टीम ने सीबीएसई खो-खो कलस्टर टूर्नामेंट जीता। सीबीएसई खो-खो कलस्टर 2025 श्री स्वामी रामानंद विद्या संकुल स्कूल गुना में दिनांक 14 जुलाई 2025 से 18 जुलाई 2025 तक आयोजित हुआ। जिसमें मप्र के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों ने हिस्सा लिया था। जिसमें सांदीपनी एकेडमी की अण्डर 19 टीम ने मप्र में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के साथ, नगर, जिले एवं संपूर्ण निमाड़ का नाम रौशन किया। टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नेशनल टूर्नामेंट के लिए भी क्वालिफाई किया है।





अब यह टीम आगामी सितंबर माह में गांधीनगर, गुजरात में आयोजित होने वाले नेशनल टूर्नामेंट में भाग लेगी। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि टीम के अटूट समर्पण, अनुशासन और कड़ी मेहनत का परिणाम है। शाला क्रिड़ा अधिकारी हेमलता थापा एवं कोच योगेश पाटीदार एवं सभी खेल शिक्षकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस सफलता में महत् टीवीवपूर्ण भूमिका निभाई है। अण्डर 19 टीम अब राष्ट्रीय स्तर मप्र का प्रतिनिधित्व करेगी। सीबीएसई क्लस्टर टूर्नामेंट का उद्देश्य देश के विभिन्न छात्र-छात्राओं को विभिन्न खेलो में अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अवसर प्रदान करना है। इस उपलब्धि पर चेयरमेन राजेश्वर पाटीदार, सारिका पाटीदार, प्राचार्य कमलेश सी. जोशी, मैनेजिंग डायरेक्टर गोपाल पाटीदार, उप-प्राचार्य संजय वर्मा एवं समस्त शिक्षकों ने टीम के उज्ज्वल भविष्य और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने की कामना की।

### जिले में सार्वजनिक आयोजनों के लेकर कलेक्टर ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

**खरगोन।** खरगोन जिले में कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री भव्या मित्तल द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 (2) के तहत सख्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश जिले की सांप्रदायिक संवेदनशीलता और पूर्व में हुई घटनाओं के मद्देनज़र पारंपरिक जुलूसों को छोड़कर आकस्मिक जुलूस, प्रदर्शन, धरना-आंदोलन, पुतला-दहन जैसी गतिविधियों के लिए विस्तृत गाइडलाइन निर्धारित करता है। बिना अनुमति ऐसे किसी भी आयोजन का संचालन प्रतिबंधित रहेगा जिससे आम जनता के आवागमन, यातायात या व्यवसाय में बाधा उत्पन्न हो। आदेश में बताया गया है कि आयोजनकर्ताओं के लिए यह जरूरी किया गया है कि आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण और हिंसारहित हों, आग्नेय अस्त्रों या उसकी कोई प्रतिकृति न तो लेकर चलेगा और न ही उसका उपयोग करेगा।



## हाथों में ध्वज पताका लेकर बाबा रामदेवरा के लिए पदयात्रा निकाली

नवभारत न्यूज

**बिस्टान निप्र।** अंनकवाडी स्थित राधा कृष्ण मंदिर से राजेस्थान में स्थित रामदेवरा रनुजा के लिए भक्तो का दल खुशनुमा माहोल में यहा से सुबह 10 बजे रवाना हुआ ।हाथो में ध्वज पताका लेकर बाबा रामदेवरा का जयघोस जयकारा चलित समांरोह में शामिल भक्त जन लगा रहे थे ।आगे बालिकाएं महिलाए डीजे की धार्मिक धुन पर नृत्य करती हुई आगे चल रही थी ।ग्राम प्रहलाद पटेल रामदास राठोर बालू पटेल, किशन राठोर ,विकास पटेल , मनोहर राणा,रवि नायक ने बताया प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बाबा रामदेव रनूजा के लिए पद यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा बहुत कठिन एव दुर्गम है 1200 किलोमीटर दूरी वाली इस यात्रा जोखिम भरी होती है नंगे पैर बारिश आंधी तूफान जीव जंतुओं का डर और कटिले रास्तों से गुजर कर 22 दिनों बाद रनुजा अपने इष्ट देव के धाम पहुचेंगै बाबा के दर्शन लाभ लेकर बाबा रामदेव के सामने शीश झुकाकर क्षेत्र की उन्नति खुशहाली अच्छी बारिश एव विष्व शांति के लिए आश्रीवाद बाबा रामदेव से लेंगे वापस लोटने के बाद बाबा के नाम से सामूहिक भोज भंडारा ग्रामीणों और दानदाताओ की मदद से दिया जाता है । यात्रा में जन प्रतिनिधि डेम सिंह नार्वे प्रहलाद वास्कले सहित ग्रामीण जन मौजूद थे ।



## आवास योजना में बने पक्के आवास : पटेल

### 311 हितग्राहियों को बांटे स्वीकृति पत्र

नवभारत न्यूज

**कसरावद, निप्र।** हर व्यक्ति का सपना होता हैं कि उसका अपना पक्का मकान हो, इसी सपने को हकीकत में बदलने का काम किया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने. प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से देश के करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के मकान बनाए गए। आज नगर के 311 परिवारों को आवास स्वीकृत पत्र देकर उनके पक्के मकान के कार्य की शुरुआत होगी। उक्त बात शुक्रवार को सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने नगर परिषद प्रांगण में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के 311 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान कार्यकम में बतौर मुख्य अतिथि कही। श्री पटेल ने कहा कि एक पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि केंद्र से सरकार एक रुपया भेजती है तो जनता तक मात्र 15 पैसे पहुंचते है। हमारे प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी जी ने करोड़ों लोगों के जनधन खाते खुलवाए । अब केंद्र सरकार से जाने वाली पूरी राशि सीधे हितगाही के खातों में जाती है।उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास के साथ हर वर्ग के व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यकम में पूर्व विधायक आत्माराम पटेल ने कहा कि सरकार आवास योजना की राशि सीधे हितगाही के खाते में डालती हैं इसलिए अगर कोई बिचौलिया आपसे पैसे मांगे तो किसी को राशि ना दे। सरकार और हम जनता के साथ है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक गजानंद पाटीदार एवं नप अध्यक्ष विमल राजेंद्र यादव ने भी संबोधित किया। अतिथि उद्बोधन के पश्चात अतिथियों ने आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। कार्यकम में दशरथ सिंह पटेल, राजेंद्र यादव, हेमन्त सोनी, मंडल अध्यक्ष दीपक पटेल, जितेन्द्र आर्य, ताराचंद यादव, परसराम यादव, नप पार्षद मंचासिन थे। कार्यकम के संचालन नप कर्मचारी संतोष दसौंधी एवं आभार पार्षद रेखा हेमन्त सोनी ने माना।

## प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का सांसद गजेंद्र सिंह ने किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**गोगावां।** मुख्यालय पर शुक्रवार सहकारिता विभाग को मिली प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र की सौगात का शुभारंभ खरगोन बड़वानी के लोक प्रिय सांसद गजेंद्रसिंह पटेल के करकमलों से फीता काट कर किया गया इन्होंने मां सरस्वती पर दीप प्रज्वलित कर अपने संबोधन में कहा की देश यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच थी की गरीब को इलाज के लिए इस महंगाई के दौर में निराश व भटकना नही पड़े इसलिए अच्छी व कम कीमत में दवाइया मिले इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में इन औषधि केंद्रों के खुलने से ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। सहकारिता उपायुक्त काशीराम आवस्या ने बताया की इस औषधि केंद्र के खोलने का श्रेय केंद्रीय गृह एवम सहकारिता विभाग के मंत्री अमित शाह को भी जाता है जिन्होंने प्रधानमंत्री की सोच के साथ मिलकर ग्रामीणों के लिए सस्ती कीमत में उपलब्ध होने वाले ऐसे जीवन रक्षक औषधि केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में खोले जा रहे है जिससे की पचास से नब्बे प्रतिशत ग्राहको को इसका फायदा भी मिलेगा ।इस अवसर पर जिला सह कारिता की एम डी संध्या रोकड़े ने भी मंच से संबोधित किया।



इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाअध्यक्ष राजेंद्र यादव ,मोहन जायसवाल ,राजेश रावत, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र यादव ,तहसीलदार सुंदरलाल ठाकुर, बीएमओ डाक्टर आशाराम खर्ते ,सहकारी समितियों के प्रशासक नवीन मुहावरे , जिला सहकारी शाखा गोगावा के प्रबंधक अशोक वैध, बहुउद्देशीय साख संस्था के प्रबंधक पर्वतसिह गहलोत के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से आए भाजपा के कार्यकर्ता व किसान जन मौजूद थे।

## इनर व्हील क्लब ने कराया विद्यार्थियों का दंत परीक्षण

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** इनर व्हील क्लब खरगोन ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 11 में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इसमें विद्यालय के विद्यार्थियों का चिकित्सक डॉ. मोनिका पालीवाल ने परीक्षण कर दांतों की सफई और दंत रोगों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि दिन में दो बार ब्रश करना चाहिए। बच्चों को जंक फूड, अत्यधिक गर्म व ठंडी चीज नहीं खाने की सलाह दी। सचिव प्रिती जैन ने बताया कि शिविर में 50 विद्यार्थियों का नि:शुल्क डेंटल चेकअप किया गया। क्लब द्वारा सभी विद्यार्थियों को टूथब्रश और पेस्ट वितरित किए गए। क्लब अध्यक्ष रेणूका डोंगरे, वरिष्ठ सदस्य राधा अग्रवाल ने विद्यालय की प्राचार्य साधना को सम्मानित किया। संचालन शाहिना लोधी ने किया गया। शिविर में कौशल्या अग्रवाल, ममता चतुर्वेदी एवं उमा सोमानी का सहयोग रहा। क्लब ने इस आयोजन के माध्यम से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया। आभार इंदिरा संचेती ने माना।



**एक नजर में** | बाल भिक्षावृत्त उन्मूलन प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को कानूनी जानकारी दी

# साथी योजना पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**मंडलेश्वर, निप्र। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर द्वारा एकीकृत बाल विकास परियोजना महेश्वर के बाल भिक्षावृत्त उन्मूलन प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कानूनी जानकारी दी गई ।**





नालसा के साथी अभियान के तहत जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बेसहारा बच्चों के आधार कार्ड बनाने हेतु नालसा की योजना की जानकारी देकर उसमें महिला बाल विकास की भूमिका बताई ।आपने पॉक्सो एक्ट डॉन योजना जागृति योजना हेल्पलाइन के बारे में बताया ।वरिष्ठ परियोजना अधिकारी किरणबाला राठौड़ कविता बघेल रिंकी गोले ने स्वागत किया आभार शिल्पा लाड ने माना इस अवसर पर मंदाकिनी नागराज सुनीता मनोरे रीतू सराठे सहित बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही ।महेश्वर की सागर एकेडमी हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर को संबोधित करते हुए जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई ने बच्चों को पॉक्सो एक्ट , बाल विवाह निषेध अधिनियम , नशा मुक्ति जागृति योजना के बारे में बताया ।पी एल वी दुर्गेश राजदीप द्वारा विधिक सेवा की जानकारी दी गई ।संस्था के प्राचार्य पी के गुप्ता ने स्वागत भाषण में विधिक सेवा का महत्व बताया ।जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा प्राचार्य और वरिष्ठ शिक्षाविद् श्री पी के गुप्ता का सम्मान किया गया ।संस्था के संचालक सागर मनोरे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। ग्राम पंचायत खराड़ी में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में सरपंच प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह मंडलोई रोजगार सहायक नरेंद्र सिंह चौहान प्रकाश कुमावत जितेंद्र मंडलोई सहित ग्रामीण को जिला विधिक सहायता अधिकारी चंद्रेश मंडलोई द्वारा विभिन्न कानूनों की जानकारी प्रदान को गई।

### विधिक सेवा की जानकारी दी

पी एल वी दुर्गेश राजदीप द्वारा विधिक सेवा की जानकारी दी गई ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडलेश्वर द्वारा नगर के नर्मदा मार्ग स्थित एक धर्मशाला के आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए बताया कि नालसा द्वारा साथी योजना के तहत बेसहारा बच्चों के आधार कार्ड बनाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है यदि नगर में इस तरह के बच्चे हो तो इसकी जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को दी जा सकतीं हैं।